

## गुस्ताखी माफ

आल्टमैन जी क्यों किया, इतना ढीला काम।
रखते अपने हाथ में, इसकी आप लगाम।
इसकी आप लगाम, बनाई क्यों एआई।
खतरनाक यह चीज, विश्व के हाथ थमाई।
कह साहिल कविराय, टूल इसमें न्यू ठोको।
जल्दी से मिस यूज, आप इसका अब रोको।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 10 | ISSUE 354 | WEDNESDAY 31-12-2025 | RS 3 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


## शहर की पार्किंग साइटों का टेंडर लगाने का मामला


# क्या इस बार निगम कमिश्नर व मेयर फेल कर सकेगें ठेकेदारों और भ्रष्ट अफसरों की चाल, सांठगांठ में जुटे

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/30 दिसंबर। लुधियाना की फिरोजगांधी मार्केट समेत कई पार्किंग साइटों का जल्द टेंडर लगने की संभावनाएं हैं। वैसे तो मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर द्वारा 21 दिसंबर को दावा किया था कि आने वाले एक हफ्ते तक टेंडर लग जाएगा। लेकिन अभी तक टेंडर की प्रक्रिया शुरू होने की कोई बात सामने नहीं आई है। जिसके चलते अभी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। वहीं चर्चा है कि हर बार कुछ भ्रष्ट अफसरों द्वारा आपसी मिलीभगत करके पार्किंग ठेके अपने चहेते ठेकेदारों को ही दिलाए जाते हैं। जिसके चलते उनकी और से जानबूझकर टेंडर की शर्ते ही इस मुताबिक रखी जाती है, कि उन शर्तों को 1-2 ठेकेदार ही पूरा कर पाते हैं। जिसके चलते घुमकर वह ठेका भ्रष्ट अफसरों के साथ सेटिंग करने वाले ठेकेदारों को मिल जाता है। इस बार भी चर्चा है कि मेयर के इस ऐलान के बाद ठेकेदार और भ्रष्ट अधिकारी आपसी सांठगांठ में जुट गए हैं। उनकी तरफ से सेटिंग की जा रही है कि आखिर किस तरीके से ठेके चुनिंदा ठेकेदारों को ही दिलाए जा सके। वहीं अब देखना होगा कि क्या नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल और मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर इन ठेकेदारों और भ्रष्ट अफसरों की चाल को फेल कर पाते हैं या नहीं। क्योंकि इस बार सभी की नजर इन पार्किंग टेंडरों पर ही टिक्की हुई है।



फिरोजगांधी मार्केट में फुटपाथ पर लगे वाहन



नगर निगम कमिश्नर आदित्य डेचलवाल



मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर

*सभी को मिलना चाहिए मौका...वहीं शहर में चर्चा छिड़ गई है कि फिरोजगांधी मार्केट हो चाहे माता रानी चौक की मल्टीस्टोरी पार्किंग या डीसी ऑफिस की मल्टीस्टोरी पार्किंग हो, हर बार टेंडर एक ही ठेकेदारों को क्यों मिलता है। ठेकेदार वहीं रहते हैं, बस साइटें बदल जाती है। जिसके चलते इसके लिए सभी को मौका मिलना चाहिए, ताकि बाकी ठेकेदार भी अपना घर चला सके।*

### टेंडर में क्लॉज में हेरफेर होने की चर्चाएं

चर्चा है कि पार्किंग टेंडर पसंदीदा ठेकेदारों को दिलाने के पीछे एक बड़ी साजिश रची जाती है। जिसमें कुछ टेंडर तैयार करने वाले कुछ भ्रष्ट अफसरों द्वारा टेंडर में हेरफेर करके ऐसे क्लॉज डाल दिए जाते हैं, जो चुनिंदा ठेकेदार ही पूरे कर सकते हैं। उदाहरण के तौर पर जैसे कि अकाउंट में पक्के पैसे या फिर सबसे पुराना ठेकेदार या सबसे ज्यादा एक्सप्रियस वाला ठेकेदार। इसी तरह के कई और क्लॉज डाल दिए जाते हैं। जिस कारण इसे ज्यादातर ठेकेदार पूरा नहीं कर पाते और टेंडर उन्हें नहीं मिल पाता। इस बार भी इसी तरह हेरफेर करने की तैयारी है।

### क्या फिरोजगांधी मार्केट में शर्तों में बचाए जा सकेगें फुटपाथ ?

पिछली बार जब फिरोजगांधी मार्केट का टेंडर हुआ था तो यह बात सामने आई थी कि निगम अफसरों ने शर्तों में हेरफेर करके फुटपाथ भी टेंडर में लिखवा दिए थे। चर्चा है कि शर्तों में लिखा था कि सड़क की दोनों तरफ टेंडर में है। जिसके चलते ठेकेदार द्वारा फुटपाथ भी टेंडर के बीच में ही समझकर वहां पार्किंग लगवानी शुरू कर दी थी। लोगों ने रेहड़ियां लगाकर कब्जे कर लिए। अब देखना होगा कि मेयर व निगम कमिश्नर द्वारा फुटपाथ बचाए जा सकेगें या फिर से अफसरों द्वारा उन्हें हेरफेर करके टेंडरों में लिखवा दिया जाएगा।

- **10 प्रतिशत बढ़ाकर तीन साल से एक्सटेंड हो रहा टेंडर...**वहीं बता दें कि फिरोजगांधी मार्केट शहर की पहली और सबसे बड़ी व्यापारिक मार्केट है। जहां पर रोजाना हजारों लोग आते हैं। जिसके चलते सबसे ज्यादा पार्किंग में मुनाफा भी यहीं पर होने की चर्चा है। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि फिर भी पिछले तीन साल से इस पार्किंग साइट का टेंडर नहीं लग रहा। पिछले तीन साल से हर बार मात्र 10 प्रतिशत रेट बढ़ाकर टेंडर को एक्सटेंड किया जा रहा है। जिससे निगम अफसरों द्वारा सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# मोहाली में पूर्व एएजी की पत्नी की गला घोंटकर हत्या, लूटपाट के बाद वारदात को दिया अंजाम







अजीत झा

मोहाली, यूटर्न, 30 दिसंबर। सोमवार रात मोहाली के फेज-5 इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। जहां पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल कृष्ण कुमार गोयल की पत्नी अशोक गोयल की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना के समय कृष्ण कुमार गोयल अपनी बेटी से मिलने मस्कट (ओमान) गए थे। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घटना सोमवार रात करीब 11 बजे हुई। मंगलवार सुबह जब नौकरानी काम पर पहुंची तो उसने देखा कि घर का नौकर नीरज कुर्सी से बंधा हुआ था अशोक गोयल की लाश वहीं पड़ी थी।शुरूआती जांच में पता चला है कि आरोपियों ने घर में लूटपाट की और गहने और कैश लेकर फरार हो गए। शक है कि विरोध करने पर उनकी हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही फॉरेंसिक टीम और सीनियर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी पुलिस इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर रही है। पुलिस को घर के नौकर नीरज (25) पर शक है, जो पिछले 9 साल से परिवार के साथ काम कर रहा था। फिलहाल पुलिस ने नौकर को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ जारी है।

# ग्लाडा ने तीन अवैध कॉलोनियों को किया ध्वस्त

## धांदरा व दाद गांवों में कार्रवाई, अवैध निर्माण पर जीरो टॉलरेंस

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां तथा ग्लाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार के निदेर्शो के तहत ग्लाडा के रेगुलेटरी विंग ने मंगलवार को धांदरा और दाद गांवों में स्थित तीन अवैध कॉलोनियों को ध्वस्त कर दिया। बताया गया है कि संबंधित डेवलपर्स को पहले ही नोटिस जारी किए गए थे, इसके बावजूद उन्होंने अवैध निर्माण कार्य बंद नहीं किया। इसके बाद गठित विशेष टीम ने बिना किसी विरोध के कार्रवाई को अंजाम दिया।

ग्लाडा ने अवैध कॉलोनिया विकसित करने वाले डेवलपर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की सिफारिश भी की है। ग्लाडा के प्रवक्ता ने बताया कि अवैध और अनियोजित विकास के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ऐसी कॉलोनियों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सस्ते प्लॉट देने के नाम पर मासूम लोगों को ठगने वाले तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान भी शुरू किया गया है, जो बिना वैधानिक मंजूरी और सरकारी नियमों का पालन किए अवैध कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। ग्लाडा के मुख्य प्रशासक संदीप कुमार ने आम जनता से अपील की कि वे अवैध कॉलोनियों में प्लॉट, मकान या संपत्ति न खरीदें, क्योंकि ऐसी कॉलोनियों में ग्लाडा द्वारा पानी की आपूर्ति, सीवरेज, बिजली कनेक्शन जैसी कोई भी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत और नियमित कॉलोनियों की सूची उनके स्वीकृत नक्शों सहित ग्लाडा की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है, जिसे कोई भी व्यक्ति संपत्ति खरीदने से पहले अवश्य जांचे।





# बोर्डरूम से आगे सीख: CICU बीएनजी का कालसी फर्नीचर में औद्योगिक भ्रमण

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (CICU) के बिजनेस नेटवर्किंग ग्रुप (BNG) ने फर्नीचर उद्योग की प्रतिष्ठित कंपनी कालसी फर्नीचर का एक ज्ञानवर्धक औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया। यह कंपनी अपनी उच्च गुणवत्ता, आधुनिक डिजाइन और नवाचार के लिए जानी जाती है।



इस भ्रमण के दौरान CICU बीएनजी सदस्यों को कालसी फर्नीचर की विस्तृत और आकर्षक उत्पाद श्रृंखला की जानकारी दी गई। सदस्यों ने कंपनी की समकालीन डिजाइन सोच, उत्कृष्ट कारीगरी और गुणवत्ता के प्रति प्रतिबद्धता की सराहना की, जिसने इसे फर्नीचर क्षेत्र में एक विश्वसनीय ब्रांड के रूप में स्थापित किया है।

कार्यक्रम में CICU के उपाध्यक्ष दिदाजीत सिंह लोटे की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके मार्गदर्शन और प्रोत्साहन से संवाद और अधिक सार्थक बना। उक्त्व बीएनजी ने कालसी फर्नीचर के सुखजिंदर सिंह का गर्मजोशी से स्वागत, उद्योग से जुड़े उपयोगी अनुभव साझा करने और स्मृति-चिह्न भेंट करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

CICU के महासचिव हनी सेठी तथा कैप्टन बीएनजी टीम ने इस सफल आयोजन के समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

इस अवसर पर सदस्यों को सभी बीएनजी बैठकों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया तथा नव-प्रारंभित 'ओपन माइक' पहल की जानकारी दी गई, जिसका उद्देश्य उद्यमियों में संवाद कौशल, आत्मविश्वास और आपसी सीख को बढ़ावा देना है। इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण उक्त्व बीएनजी की उद्योग से जुड़ाव, ज्ञान-वृद्धि और सशक्त नेटवर्किंग को बढ़ाने की निरंतर पहल का हिस्सा हैं।

# पंजाब विधानसभा ने माल विभाग से संबंधित तीन महत्वपूर्ण सुधार बिल सर्वसम्मति से पास किए

- कारोबार में आसानी, मालिकाना हक जल्द प्रदान करने और डिजिटल रिकॉर्डों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उठाया गया कदम: हरदीप सिंह मुंडियां

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। पंजाब के माल, पुनर्वास और आपदा प्रबंधन मंत्री श्री हरदीप सिंह मुंडियां ने पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र में द इंडियन स्टैंप (पंजाब द्वितीय संशोधन) बिल, 2025, पंजाब आबादी देह (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) संशोधन बिल, 2025 और पंजाब भू-मालिया (संशोधन) बिल, 2025 को सर्वसम्मति से पास कराया।



मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने बताया कि इंडियन स्टैंप एक्ट, 1899 में किए गए संशोधनों के तहत टाइटल डीड जमा करने, हाइपोथिकेशन और इक्विटेबल मॉर्गेज से जुड़ी स्टैंप ड्यूटी को तर्कसंगत बनाया गया है। उन्होंने कहा कि अब एक ही ऋण-संबंधी लेन-देन पर दोहरी ड्यूटी समाप्त कर दी गई है और कुल ऋण राशि पर अधिकतम सीमा के साथ एक ही ड्यूटी लागू की गई है, जिससे लेन-देन की लागत घटेगी, कारोबार में आसानी बढ़ेगी और टरटए क्षेत्र को राहत मिलेगी। पंजाब आबादी देह (रिकॉर्ड ऑफ राइट्स) एक्ट, 2021 के संबंध में मंत्री ने बताया कि आपत्तियों और अपीलों की समय सीमा घटाने से मेरा घर मेरे नाम योजना को तेजी से लागू किया जा सकेगा। इससे आबादी देह क्षेत्रों के निवासियों को समय पर मालिकाना हक सुनिश्चित किए जा सकेंगे।

# पंचकूला को नए साल का बड़ा तोहफा: पीएमडीए ने 128 करोड़ की दो मेगा इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को दी मंजूरी

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। नववर्ष से पहले पंचकूला के लोगों को बड़ी सौगात देते हुए पंचकूला मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (PMDA) ने शहर के बुनियादी ढांचे को नई मजबूती देने वाली दो मेगा परियोजनाओं की घोषणा की है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में हुई हाई-पावर्ड परचेज कमेटी की बैठक में 128 करोड़ रुपये से अधिक की इन परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। इनमें घग्गर नदी पर नए पुल का निर्माण और शहर से गुजरने वाली प्रमुख जलधाराओं का व्यापक सौंदर्यीकरण शामिल है।




पहली परियोजना के तहत सेक्टर-3/21 रोड पर गोल्फ क्लब के पास घग्गर नदी पर 32.50 करोड़ रुपये की लागत से तीन लेन का नया पुल बनाया जाएगा। 333.90 मीटर लंबे और 14 मीटर चौड़े इस पुल के निर्माण से पंचकूला एक्सटेंशन क्षेत्रों में लंबे समय से चली आ रही ट्रैफिक जाम की समस्या का स्थायी समाधान होगा। पुल के पूर्ण होने के बाद दोनों पुलों पर एक-तरफा यातायात व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे आवागमन सुगम होगा। यह परियोजना 24 महीनों में पूरी की जाएगी।

दूसरी महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 95.42 करोड़ रुपये की लागत से पंचकूला शहर से गुजरने वाली दो प्रमुख जलधाराओं का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस परियोजना से वर्षों से जर्जर हालत में पड़े नालों की समस्या का समाधान होगा, जिससे जलभराव, दुर्गंध और स्वास्थ्य जोखिम समाप्त होंगे। परियोजना में वॉकिंग-ट्रैक, साइकिल ट्रैक, स्टील ब्रिज, स्ट्रीट लाइटिंग, हरियाली, खेल मैदान, योग कोर्ट, स्केटिंग रिंक और बच्चों के खेल क्षेत्र विकसित किए जाएंगे।

पीएमडीए के अनुसार, ये परियोजनाएं न केवल पंचकूला की ट्रैफिक और स्वच्छता समस्याओं का समाधान करेंगी, बल्कि शहर को एक आधुनिक, हरित और रहने योग्य शहरी स्वरूप प्रदान करेंगी। 18 महीनों में पूर्ण होने वाली इस योजना से पंचकूला को स्मार्ट और नागरिक-अनुकूल शहर के रूप में नई पहचान मिलेगी।

# युद्ध नशों विरुद्ध: 304वें दिन, पंजाब पुलिस ने 113 नशा तस्करों को किया काबू

- 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में, पंजाब पुलिस ने 46 व्यक्तियों को नशा छुड़ाऊ इलाज करवाने के लिए किया राजी




चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा राज्य में नशों के खात्मे के लिए शुरू की गई नशों के खिलाफ जंग 'युद्ध नशों विरुद्ध' को लगातार 304वें दिन भी जारी रखते हुए, पंजाब पुलिस ने आज 319 स्थानों पर छापेमारी की, जिस दौरान राज्य भर में 82 एफआईआर दर्ज करके 113 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। इससे 304 दिनों में गिरफ्तार किए गए कुल नशा तस्करों की संख्या 42,480 हो गई है। छापों के परिणामस्वरूप गिरफ्तार किए गए नशा तस्करों के कब्जे से 455 ग्राम हेरोइन, 25 किलोग्राम भुक्की, 1995 नशीली गोलियां/कैप्सूल तथा 54,440 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमिश्नरों, डिप्टी कमिश्नरों तथा सीनियर पुलिस सुपरिंटेंडेंट को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के निर्देश दिए हैं। पंजाब सरकार ने नशों के खिलाफ जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा की अगुवाई में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब-कमेटी का भी गठन किया है।

इस ऑपरेशन के दौरान 71 गजेटेड अधिकारियों की निगरानी में 1000 से अधिक पुलिस कर्मियों वाली 120 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 319 छापे मारे हैं। दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 322 संदिग्ध व्यक्तियों की भी जांच की है। राज्य सरकार द्वारा राज्य में से नशों के खात्मे के लिए तीन-स्तरीय रणनीति - इन्फोर्समेंट, डी-एडिक्शन तथा प्रिवेंशन (ईडीपी) - लागू की गई है तथा पंजाब पुलिस ने 'डी-एडिक्शन' हिस्से के रूप में आज 46 व्यक्तियों को नशा छुड़ाऊ तथा पुनर्वास इलाज करवाने के लिए राजी किया है।

# पंजाब के औद्योगिक भविष्य पर मंथन: अमृतसर पहुंची संसदीय स्थायी समिति, विकास और रोजगार पर रहा फोकस





अमृतसर, यूटर्न, 30 दिसंबर 2025। पंजाब के औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और जमीनी चुनौतियों को समझने के उद्देश्य से उद्योगों से संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने अमृतसर का अध्ययन दौरा किया। इस दौरान समिति ने स्थानीय उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों, बैंकिंग क्षेत्र और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यापक विचार-विमर्श कर उद्योगों की वर्तमान स्थिति और भविष्य की संभावनाओं पर मंथन किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए समिति के चेयरपर्सन एवं राज्यसभा सदस्य श्री तिरुची शिवा ने कहा कि औद्योगिक नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन, सरल ऋण प्रक्रिया, सस्ती वित्तीय सहायता और मजबूत बुनियादी ढांचा उद्योगों की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बिजली, कच्चे माल, परिवहन, निर्यात सुविधाओं, श्रम और वित्तीय सहयोग से जुड़ी चुनौतियों को गंभीर बताते हुए कहा कि इन मुद्दों पर केंद्र स्तर पर ठोस नीति निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में बैंक अधिकारियों ने उद्योगों के लिए उपलब्ध ऋण योजनाओं, एमएसएमई सेक्टर को मिलने वाली सुविधाओं और सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी दी। वहीं पंजाब के प्रधान सचिव श्री के.के. यादव ने कहा कि राज्य सरकार छोटे और मध्यम उद्योगों को मजबूत करने के लिए सरल प्रक्रियाएं, सिंगल विंडो सिस्टम और इन्वेस्ट पंजाब के माध्यम से सक्रिय सहयोग प्रदान कर रही है। जिला प्रशासन ने उद्योगों को हरसंभव समर्थन का भरोसा दिलाया। संसदीय समिति ने कहा कि इस दौरे से मिले सुझावों को केंद्र सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट में शामिल किया जाएगा, जिससे पंजाब के औद्योगिक क्षेत्र को नई गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

# नव वर्ष आगम के माहौल में निगम टेंडर का नया खेल

# चहेते ठेकेदारों की शह पर 140 करोड़ के प्रोजेक्ट में बारीक जानकारियां हुई लीक, TIC एक्सियन का बड़ा हेरफेर

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। नव वर्ष के आगमन के माहौल के बीच सड़क नवीनीकरण के नाम पर डेढ़ सौ करोड़ रुपये के टेंडरों की आढ़ में नगर निगम अधिकारीयों का सेटिंग और मिलीभगत के बड़े खेल सामने आया है। खेल को इतनी सफाई से खेला गया है की बड़े बड़े राजनेता भी अधिकारीयों और ठेकेदारों के समक्ष बोना साबित होने की चचाएं है। चचाएं है की TIC एक्सियन ने सड़क नवीनीकरण के टेंडर डालने की अंतिम तारीख 29 दिसंबर को कुछ ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर नगर निगम कमिश्नर से 1 दिन का इजाफा करवा लिया गया। जिसके बाद टेंडर की अंतिम सीमा 30 दिसंबर शाम 5 बजे तक कर दी गई । चर्चा है कि एक दिन बढ़ाने के पीछे TIC सेल के एक्सियन अरविंद कुमार की सक्रिय भूमिका रही। उनकी ओर से कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को यह अहम जानकारी लीक की गई कि टेंडर में कितने ठेकेदार ने बिड की है और कॉम्पिटिशन कितना है, जिससे उनके लिए बोली की कीमत तय करना आसान हो गया।




## कई वार्डों के वर्क को मिलाकर बनाया सिंगल टेंडर

नगर निगम ने इस बार विधानसभा वाइज वार्डों के वर्क को एक साथ मिलाकर सिंगल टेंडर बनाया है, जिसमें करीब 130 करोड़ रुपये के 20 प्रोजेक्ट शामिल हैं। इनमें अधिकतर हॉट मिक्स प्लांट से संबंधित हैं, जिनकी राशि 5 करोड़ से 13 करोड़ रुपये के बीच है। ठेकेदारों ने 3 महीने की समय–सीमा में काम पूरा करने का विरोध किया था, क्योंकि इसमें दो महीने सर्दी का मौसम शामिल है।

## व्हाट्सएप डिटेल की जाँच से सामने आएगा सच

सूत्रों के अनुसार, अगर अरविंद कुमार सहित डेट बढ़ाने में शामिल उच्च अधिकारीयों की व्हाट्सएप डिटेल और मोबाइल लोकेशन ट्रेस की जाए, तो दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। व्ही इस खेल ने यह तो संकेत दे दिए की निगम कार्यालय में अधिकारीयों और ठेकेदारों की बड़ी मिली भगत है।

उधर व्हाट्सएप डिटेल जाँच से इस खेल में शमिल ठेकेदारों का सच सामने आ जाएगा यह मामला नगर निगम मुख्यालय में चर्चा का केंद्र बन गया है और शहर के बड़े निर्माण प्रोजेक्ट्स में संभावित भ्रष्टाचार की सख्त चेतावनी दे रहा है। उधर पूरे मामले की जानकारी मंत्री तक भी पहुंच गई है।

# लुधियाना में 16 किलोग्राम अफीम की भारी रिकवरी, इंस्पेक्टर पलविंदर ने फिर तोड़ा रिकॉर्ड

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। आम लोगों के लिए नरम और अपराधियों के लिए सख्त, जीआरपी इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह भिंडर का नाम लुधियाना में अपराधियों के लिए डर का पर्याय बन चुका है। रेलवे स्टेशन स्थित थाना जीआरपी में तैनात इंस्पेक्टर पलविंदर की कार्यशैली और प्रतिबद्धता अब न केवल पुलिस विभाग में बल्कि आम जनता में भी सराही जा रही है।

साल 2025 के अंत तक, उन्होंने एक बार में 16 किलोग्राम अफीम की बड़ी रिकवरी करके नया कीर्तिमान स्थापित किया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले उन्होंने 2024 में 15 किलोग्राम, 2023 में 12 किलोग्राम और 2022 में 10 किलोग्राम अफीम की एक बार में रिकवरी कर अपने ही रिकॉर्ड



को तोड़ा था। इस साल इंस्पेक्टर पलविंदर के नेतृत्व में जीआरपी ने कुल 25.3 किलोग्राम अफीम और जीआरपी सीआईए स्टाफ ने 8 किलोग्राम अफीम बरामद की। इसके अलावा, थाना जीआरपी ने 49.5 किलोग्राम चुरापोस्त, 26.5 किलोग्राम गांजा और 200 ग्राम हेरोइन की भी भारी मात्रा जब्त की। सीआईए स्टाफ ने 8 किलोग्राम गांजा और थाना जीआरपी ने 7200 गोली कैप्सूल पकड़े, जबकि सीआईए स्टाफ ने 2000 गोली कैप्सूल जब्त किए।

इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह ने कहा, पंजाब सरकार के नशे के खिलाफ अभियान में हम पूरी तरह से सक्रिय हैं। हमारा लक्ष्य नशे के खात्मे के लिए लगातार प्रयास करना है। आने वाले समय में भी हम और हमारा स्टाफ इसी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा।

लुधियाना रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाके में उनके इस अभियान ने अपराधियों के बीच डर का माहौल पैदा कर दिया है और आम जनता में सुरक्षा की भावना को मजबूत किया है।

# जन्मदिन पर अनोखी पहल: बिपन जैन श्रमण के सम्मान में रक्तदान शिविर आज

## भोलन बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ सहित तीन संस्थाओं की संयुक्त पहल



लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। भोले बाबा रत्न मुनि जैन युवा संघ, न्यू यंग फाइव स्टार क्लब एवं अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब प्रदेश जिला लुधियाना द्वारा संयुक्त रूप से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन आज 31 दिसंबर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक रोटरी क्लब, सराभा नगर, लुधियाना में किया जा रहा है। शिविर की तैयारियों को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया।न्यू यंग फाइव स्टार क्लब के प्रधान युवारत्न राजेश जैन बॉबी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान शिविर कैंप प्रमुख, समाजसेवी एवं राष्ट्रीय संरक्षक सदस्य बिपन जैन श्रमण (मैसर्ज श्रमण जैन स्वीट्स लुधियाना, चंडीगढ़ व दिल्ली) के 59वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य थैलासीमिया से पीड़ित बच्चों के लिए रक्त उपलब्ध करवाना है।इस अवसर पर क्लब के चेयरमैन राजेश जैन मोनिका, महासचिव हरविन्द्र सिंह,राज्य अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंगला, राज्य महामंत्री हरकेश मित्तल, जिलाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल एवं जिला प्रभारी दविन्द्र अग्रवाल ने कहा कि रक्तदान की सेवा जाति, धर्म और वर्ण से ऊपर मानवता की सेवा है। रक्तदान करने वाला व्यक्ति किसी भेदभाव को नहीं देखता, बल्कि जरूरतमंद की जान बचाने का कार्य करता है। सभी पदाधिकारियों ने शहर के युवाओं और समाजसेवी संस्थाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस पुण्य कार्य में भाग लें और रक्तदान कर मानवता की सेवा करें।बैठक के दौरान राजेश जैन बॉबी, हरविंदर सिंह हैप्पी, राजीव जैन, अमन जैन, सचिन जैन, सार्थक जैन, अमित गुप्ता सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध



एक प्रेरणात्मक लेख

शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि वह शिक्षक और विद्यार्थी के बीच बने रिश्ते से जीवंत होती है। स्कूल में शिक्षक और विद्यार्थी का संबंध जितना मधुर, विश्वासपूर्ण और प्रेरणादायक होता है, उतना ही सकारात्मक उसका प्रभाव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व और भविष्य पर पड़ता है। यह कहा गया है कि 'शिक्षक और विद्यार्थी तभी अच्छे बनते हैं जब अध्यापक और विद्यार्थी के बीच प्यार और विश्वास हो।' यही विश्वास कक्षा को ज्ञान का मंदिर बनाता है।

## विश्वास और अपनापन: एक मजबूत नींव

जब शिक्षक विद्यार्थियों को केवल पढ़ाने तक सीमित न रहकर उनके मार्गदर्शक और शुभचिंतक बनते हैं, तब कक्षा का माहौल खुशनुमा हो जाता है। ऐसे वातावरण में पढ़ाया गया पाठ विद्यार्थियों को सहजता से समझ आता है। डर के बजाय अपनापन, और दबाव के बजाय प्रेरणा—यही एक आदर्श शिक्षक-विद्यार्थी संबंध की पहचान है।

## एक अच्छे शिक्षक के गुण


एक उत्तम शिक्षक सबसे पहले समानता को अपनाता है। हर विद्यार्थी की समझने की क्षमता अलग होती है, इसलिए किसी भी विद्यार्थी की तुलना दूसरे से करना उचित नहीं। दूसरा महत्वपूर्ण गुण है प्रोत्साहन। यदि किसी दिन विद्यार्थी का कार्य पूरा न हो, तो उसे डांटने के बजाय प्रोत्साहित करना चाहिए। 'शाबाशी' के दो शब्द विद्यार्थी के आत्मविश्वास को नई उड़ान दे सकते हैं। इसके साथ ही मार्गदर्शन एक शिक्षक का मूल धर्म है। एक सच्चा अध्यापक केवल परीक्षा पास करवाने तक सीमित नहीं रहता, बल्कि विद्यार्थी को एक अच्छा इंसान बनाने का निरंतर प्रयास करता है।

## आधुनिक चुनौतियाँ और शिक्षक की भूमिका

आज के समय में विद्यार्थियों के सामने सबसे बड़ी चुनौती मोबाइल फोन का अत्यधिक उपयोग है। ऐसे में शिक्षक को स्वयं उदाहरण बनना चाहिए। स्कूल समय में अनावश्यक मोबाइल प्रयोग से बचकर शिक्षक विद्यार्थियों को सही दिशा दिखा सकते हैं। लंबे फ्री पीरियड्स में अनावश्यक बातचीत या दिखावे से दूर रहकर, संयमित व्यवहार अपनाना भी आवश्यक है। जब शिक्षक सादगी और संतुलन का पालन करता है, तो विद्यार्थी भी वही सीखते हैं।

## आचरण और अनुशासन: उदाहरण बनकर सिखाना

अच्छी बोलचाल सिखाने के लिए शिक्षक का स्वयं मधुर वाणी में बोलना आवश्यक है। इसका सीधा और सकारात्मक प्रभाव विद्यार्थियों पर पड़ता है।



समय का पालन भी अनुशासन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। समय पर कक्षा में पहुँचना और पूरे पीरियड का सही उपयोग करना, विद्यार्थियों को अनुशासित बनाता है।

इसके अलावा, पेशेवर व्यवहार और शालीन पहनावा शिक्षक की गरिमा को दर्शाता है। जब शिक्षक स्वयं नियमों का पालन करता है, तो विद्यार्थी भी स्वेच्छा से अनुशासन में रहना सीखते हैं।

**निष्कर्ष :** अंततः यह कहा जा सकता है कि शिक्षक और विद्यार्थी का रिश्ता शिक्षा की आत्मा है। आज के समय में अध्यापक को पहले से कहीं अधिक मेहनत, संवेदनशीलता और धैर्य की आवश्यकता है, ताकि वह विद्यार्थियों को न केवल सफल, बल्कि संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बना सके।

जब शिक्षक और विद्यार्थी के बीच विश्वास और सम्मान का संबंध होता है, तभी कक्षा का वातावरण सकारात्मक बनता है और शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करती है।




# नववर्ष से पहले गुरुग्राम को विकास की बंपर सौगात, सीएम नायब सिंह सैनी ने 113.64 करोड़ की परियोजनाओं का किया उद्घाटन व शिलान्यास

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। नववर्ष से पहले हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम को विकास की बड़ी सौगात देते हुए 113.64 करोड़ रुपये की लागत से 6 अहम विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम आज केवल हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे भारत की आर्थिक प्रगति का इंजन बन चुका है और केंद्र व प्रदेश की 'डबल इंजन सरकार' के मजबूत नेतृत्व में हरियाणा तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

गुरुग्राम विधायक मुकेश शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विकसित गुरुग्राम महारैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य शहरों और गांवों का संतुलित व समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि सरकार जो वादे करती है, उन्हें धरातल पर उतारती है। विधानसभा चुनावों के संकल्प-पत्र में किए गए 217 वादों में से 54 वादे एक वर्ष के भीतर




पूरे किए जा चुके हैं, जबकि शेष पर तेजी से कार्य चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले 11 वर्षों में गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र में 1,909 करोड़ रुपये के विकास कार्य किए गए हैं, जिससे क्षेत्र की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर देते हुए ऑक्सीजन पॉकेट्स, पार्कों के विस्तार, इलेक्ट्रिक बसों और आधुनिक कचरा प्रबंधन को सरकार की प्राथमिकता बताया।


मुख्यमंत्री ने विधायक मुकेश शर्मा की मांगों पर गुरुग्राम के समग्र विकास के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। इनमें नए स्कूल भवन, आधुनिक खेल हॉस्टल, 30 आयुष्मान आरोग्य मंदिर, सिविल हॉस्पिटल निर्माण, 50 बेड का अस्पताल, सिटी बस टर्मिनल, स्मार्ट बाजार, 100 किलोमीटर से अधिक स्मार्ट सड़कों सहित अनेक परियोजनाएं शामिल हैं। साथ ही गुरुग्राम, सोहना और पटौदी विधानसभा क्षेत्रों के लिए पाँच-पाँच करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि देने की घोषणा की गई।

उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह और विधायक मुकेश शर्मा ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व को दूरदर्शी बताते हुए कहा कि गुरुग्राम और हरियाणा आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। कार्यक्रम में कई विधायक, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

# डड्डूमाजरा में फायरिंग की कोशिश, देसी कट्टा मिसफायर; CCTV में कैद हुए हमलावर







अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। डड्डूमाजरा इलाके में आए दिन फायरिंग जैसी घटनाओं से दहशत का माहौल बना हुआ है। सोमवार रात करीब 11 बजे 3 से 4 युवक देसी कट्टा लेकर मकान नंबर 1584 के बाहर पहुंचे और फायरिंग करने की कोशिश की, लेकिन देसी पिस्टल मिसफायर हो गई, जिससे बड़ी वारदात टल गई।डड्डूमाजरा निवासी लक्की ने बताया कि वह अपने दोस्तों के साथ घर पर मूवी देख रहे थे। जैसे ही वे बाहर निकलने लगे, अज्ञात हमलावरों ने पहले घर के बाहर पथराव किया और फिर जबरन घर में घुसने की कोशिश की। इस दौरान एक युवक के हाथ में देसी कट्टा था। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। लक्की के अनुसार, आसपास के लोगों को बाहर निकलते देख हमलावर—जिनकी पहचान जावेद, सलमान और साहिल के रूप में हुई मौके से फरार हो गए। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही मलोया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।लक्की ने बताया कि इस घटना की पृष्ठभूमि में पुराना विवाद सामने आया है। पड़ोस में रहने वाले मनीष के साथ जावेद का 23 दिसंबर को सेक्टर-25 स्थित जुवेनाइल कोर्ट में विवाद हुआ था, जिसमें जावेद के सिर में चोट भी आई थी। उसी दिन शाम को आरोपी उनके घर के बाहर घूमते देखे गए थे।पीड़ित लक्की ने स्पष्ट किया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और उसने पुलिस से मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

# ट्राईसिटी में सर्दी का डबल अटैक: घना कोहरा और जहरीली हवा, नए साल की शुरूआत बारिश के साथ होने के आसार

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। ट्राईसिटी के लोगों के लिए साल के आखिरी दिन मुश्किलों भरे साबित हो रहे हैं। कड़ाके की ठंड के बीच घना कोहरा और बढ़ता प्रदूषण जनजीवन पर भारी पड़ रहा है। मंगलवार को चंडीगढ़ का एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) 300 के पार पहुंच गया, जिससे हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। वहीं, मौसम विभाग ने संकेत दिए हैं कि नए वर्ष की शुरूआत बारिश और और ज्यादा ठंड के साथ हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 से 48 घंटों के दौरान चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में हल्की बारिश की संभावना है। बारिश के बाद तापमान में और गिरावट आने की आशंका है। इसके साथ ही विभाग ने बुधवार से अगले छह दिनों तक घने कोहरे और शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।





## कोहरे से सड़कों पर रेंगा यातायात

बीते कई दिनों से ट्राईसिटी घने कोहरे की चपेट में है। मंगलवार सुबह कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम रही, जिससे सड़कों पर यातायात प्रभावित हुआ। खासकर सुबह के समय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और कई जगह रफ्तार थमी रही।

## हवा बेहद खराब, सेहत पर खतरा

मंगलवार को चंडीगढ़ का अदक314 दर्ज किया गया, जो गंभीर श्रेणी के करीब है। इस दौरान अधिकतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 1.4 डिग्री कम है, जबकि न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि 300 से अधिक अदकखासतौर पर अस्थमा, एलर्जी के मरीजों, बुजुर्गों और बच्चों के लिए खतरनाक साबित हो सकता है। जीएमसीएच सेक्टर-32 के ईएनटी विभाग के डॉ. सुरिंदर सिंगाल के अनुसार ऐसे हालात में लोगों को अनावश्यक रूप से घर से बाहर निकलने से बचना चाहिए और सावधानी बरतनी चाहिए।

## सावधानी बरतने की अपील

मौसम विभाग ने नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा टालने की सलाह दी है। वहीं, चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चालकों से अपील की है कि वे कोहरे के दौरान धीमी गति से वाहन चलाएं, फॉग लाइट का प्रयोग करें और सुरक्षित दूरी बनाए रखें। फिलहाल ट्राईसिटी में ठंड, कोहरा और प्रदूषण ने मिलकर लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं और नए साल का आगाज भी सर्द और भीगे मौसम के साथ होने के संकेत दे रहा है। ट्राईसिटी में

# मोहाली फेज-3बी2 में अवैध रेहड़ी-फड़ी और देर रात शोर पर सख्ती की मांग, RWA ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

मोहाली, यूटर्न, 30 दिसंबर। फेज-3बी2 क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध रेहड़ी-फड़ी, देर रात तक दुकानों के खुले रहने और तेज म्यूजिक से परेशान स्थानीय लोगों ने अब प्रशासन का दरवाजा खटखटाया है। फेज-3बी2 रेजिडेंट्स वेलफेयर सोसायटी का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को सोसायटी के प्रधान तरलोचन सिंह के नेतृत्व में डिप्टी कमिश्नर से मिला और समस्या के स्थायी समाधान की मांग रखी।

RWA पदाधिकारियों ने बताया कि फेज-3बी2 मार्केट और उसके आसपास बिना अनुमति कई वेंडर और रेहड़ी-पटरी वाले देर रात तक कारोबार कर रहे हैं। खास तौर पर मार्केट के पीछे कोठी नंबर 972 से 980 के आसपास शोर-शराबा और तेज लाइव म्यूजिक स्थानीय निवासियों के लिए सिरदर्द बन चुका है।





## समय तय करने और कार्रवाई की मांग

RWA ने प्रशासन से स्पष्ट नियम लागू करने की मांग करते हुए पूछा कि दुकानों और वेंडरों के खुलने-बंद होने का अधिकृत समय क्या है और तय समय के बाद भी कारोबार करने वालों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जा रही है। साथ ही लाइव म्यूजिक बजाने पर भी नियंत्रण लगाने की जरूरत बताई गई।सोसायटी के जनरल सेक्रेटरी नवदीप बंसल ने बताया कि डिप्टी कमिश्नर ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिए जाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।स्थानीय निवासियों को उम्मीद है कि प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद फेज-3बी2 क्षेत्र में फिर से शांति और व्यवस्था बहाल होगी।



**रहवासियों का कहना है कि बिगड़ रहा है माहौल...**प्रतिनिधिमंडल ने डीसी को अवगत कराया कि देर रात तक भीड़, तेज आवाज और अनियंत्रित गतिविधियों के कारण इलाके में ध्वनि प्रदूषण बढ़ गया है। इससे बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है, वहीं रिहायशी क्षेत्र का शांत वातावरण भी खराब हो रहा है।

# न्यू ईयर सेलिब्रेशन 31 दिसंबर 2025: चंडीगढ़ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम, 1000 से अधिक जवान तैनात





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। नववर्ष 2026 के स्वागत को लेकर 31 दिसंबर 2025 की रात शहर में कानून-व्यवस्था (लॉ एंड ऑर्डर) बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोकने और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शहरभर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जा रही है। पुलिस विभाग के अनुसार सुरक्षा व्यवस्था के तहत 12 गजटेड अधिकारी (GOs), 20 इंस्पेक्टर, 16 एसएचओ और ट्रैफिक व पीसीआर को छोड़कर करीब 1000 पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 20 सदस्यीय स्पेशल लेडी स्क्वॉड को वाहनों सहित तैनात किया गया है, वहीं महिला स्टाफ के पिक एंड ड्रॉप के लिए 7 पीसीआर वाहन लगाए जाएंगे।

शहर की सीमाओं और अंदरूनी इलाकों में सुरक्षा घेरा मजबूत करते हुए 18 आउटर नाके, 44 इंटरनल नाके और 16 ट्रैफिक जॉइंट नाके लगाए जाएंगे। इसके अलावा 6 स्थानों पर आस्का लाइट्स, 5 जगहों पर फायर टेंडर और 3 हाइड्रोलिक लैडर की तैनाती की गई है। न्यू ईयर के मद्देनजर 10 क्षेत्रों को प्रतिबंधित वाहन क्षेत्र घोषित किया गया है, जिनमें गेरि रूट, प्लाजा के आसपास का इलाका, सेक्टर-22 का इनर मार्केट और एलांते मॉल शामिल हैं। भीड़भाड़ वाले और संवेदनशील इलाकों जैसे प्लाजा, एलांते मॉल, अरोमा, सेक्टर-7 और सेक्टर-26 के पब व बार में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है। आपात स्थिति से निपटने के लिए 6 स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था की गई है, जबकि सेक्टर-9 स्थित पुलिस मुख्यालय (PHQ) में सेंट्रल रिजर्व फोर्स को अलर्ट मोड पर रखा गया है। पुलिस प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि नववर्ष का स्वागत शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में किया जा सके।

# केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दी: सैलरी बढ़ोतरी, DA और बकाया पर उम्मीदें

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। केंद्रीय कैबिनेट ने 8वें वेतन आयोग को मंजूरी दे दी है, जो 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा। इसके साथ ही, केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को एक बार फिर संभावित सैलरी बढ़ोतरी, पेंशन में बदलाव और महंगाई भत्ते (Dearness Allowance) सहित भत्तों में संशोधन की उम्मीद है। हालांकि आधिकारिक सिफारिशों का अभी भी इंतजार है, लेकिन शुरूआती चर्चाओं और विशेषज्ञों की राय से कर्मचारियों को इस बात का मोटा-मोटा अंदाजा लग रहा है कि क्या उम्मीद की जा सकती है। वेतन आयोग केंद्र सरकार के कर्मचारियों और रिटायर लोगों के सैलरी स्ट्रक्चर, पेंशन और भत्तों की समीक्षा और संशोधन करता है। 8वां वेतन आयोग 7वें वेतन आयोग की जगह लेगा, जिसका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2025 को खत्म हो रहा है। बेसिक सैलरी के अलावा, आयोग भत्तों को भी रीकैलिब्रेट करता है और महंगाई के रुझानों को देखते हुए महंगाई भत्ते को एडजस्ट करता है।




## फिटमेंट फैक्टर: यह क्यों मायने रखता है

फिटमेंट फैक्टर यह तय करने में अहम भूमिका निभाता है कि सैलरी के अलग-अलग लेवल पर सैलरी कितनी बढ़ेगी। यह मौजूदा बेसिक सैलरी पर लागू होने वाला एक मल्टीप्लायर है जिससे संशोधित सैलरी मिलती है। वैद्य के अनुसार, 8वें वेतन आयोग के लिए ज्यादातर शुरूआती अनुमान 20-35% बढ़ोतरी की बात करते हैं, जिसमें फिटमेंट फैक्टर 2.4-3.0 के बीच कहीं हो सकता है और एंट्री-लेवल बेसिक सैलरी ज्यादा होगी। हालांकि, वे आगाह करते हैं कि ये आंकड़े अंतिम नहीं हैं। ₹ये सिर्फ.अंदाजे हैं, पक्के वादे नहीं। आखिरी संख्या अगले 12-18 महीनों में महंगाई, 16वें वित्त आयोग के बाद वित्तीय स्थिति, टैक्स कलेक्शन और राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करेगी,₹ वे कहते हैं।

## कर्मचारी कितनी सैलरी बढ़ोतरी की उम्मीद कर सकते हैं?

वेतन आयोग के तहत सैलरी बढ़ोतरी की घोषणा रातों-रात नहीं होती है। यह कई आर्थिक और वित्तीय कारकों पर निर्भर करती है। कर्मा मैनेजमेंट ग्लोबल कंसल्टिंग सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ विजन ऑफिसर प्रतीक वैद्य कहते हैं कि उम्मीदें आमतौर पर पिछले रुझानों और मौजूदा आर्थिक स्थितियों से बनती हैं। वे बताते हैं, दो मुख्य बातें उम्मीदें तय करने में मदद करती हैं: पिछले आयोगों ने क्या किया, और आज की मैक्रोइकोनॉमी। वे आगे कहते हैं, 6वें वेतन आयोग ने लगभग 40% औसत बढ़ोतरी दी थी, जबकि 7वें वेतन आयोग का असर अक्सर 23-25% के आसपास बताया जाता है, जिसमें 2.57 का एक समान फिटमेंट फैक्टर था।

## महंगाई भत्ते में क्या बदलाव हो सकता है?

कर्मचारियों को महंगाई से बचाने के लिए महंगाई भत्ते को समय-समय पर एडजस्ट किया जाता है। जब कोई नया वेतन आयोग लागू होता है, तो DA को आमतौर पर रीसेट किया जाता है और बेसिक सैलरी में मिला दिया जाता है। विशेषज्ञों को उम्मीद है कि 8वें वेतन आयोग के तहत DA की गणना को 2026 के करीब महंगाई के स्तर को ध्यान में रखते हुए फिर से तय किया जाएगा। यह रीसेट टेक-होम सैलरी और भविष्य में DA में बढ़ोतरी दोनों पर असर डाल सकता है।

## बकाया राशि का क्या होगा?

बकाया राशि आमतौर पर तब दी जाती है जब कोई वेतन आयोग पिछली तारीख से लागू होता है। भले ही असल पेमेंट बाद में शुरू हो, गणना अक्सर प्रभावी तारीख से ही की जाती है। GenZCFO के संस्थापक CA मनीष मिश्रा कहते हैं, बकाया राशि की गणना शायद 1 जनवरी, 2026 से की जाएगी, जो तारीख 7वें वेतन आयोग के खत्म होने की तारीख तय की गई है, भले ही पेमेंट असल में आयोग की सिफारिशों को मंजूरी मिलने के बाद किया जाए।

## क्या बढ़ोतरी 7वें वेतन आयोग जैसी ही होगी?

हालांकि तुलना करना लाजमी है, लेकिन आखिरी नतीजा अलग हो सकता है। मिश्रा बताते हैं कि कई कारक आखिरी फैसले को प्रभावित करेंगे। ₹हालांकि आधिकारिक आंकड़ों का अभी भी इंतजार है, ज्यादातर अनुमान लगभग 20-35% की एक समान सैलरी बढ़ोतरी की ओर इशारा करते हैं,₹ वे कहते हैं। ₹आखिरी बढ़ोतरी कई कारकों पर निर्भर करेगी, जैसे कि पे मैट्रिक्स में बदलाव, भत्तों में संशोधन और चुने गए फिटमेंट फैक्टर।₹ वह आगे कहते हैं कि अंतिम बढ़ोतरी पिछली बढ़ोतरी के समान या थोड़ी ज्यादा हो सकती है, यह इस बात पर निर्भर करता है कि ये तत्व एक साथ कैसे आते हैं। इस बीच, अभी के लिए, केंद्र सरकार के कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को आयोग की औपचारिक सिफारिशों का इंतजार करना होगा। यह साफ है कि सरकार एक तरफ सैलरी में अच्छी बढ़ोतरी देने और दूसरी तरफ वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश करेगी। जैसा कि प्रतीक वैद्य ने संक्षेप में कहा है, लक्ष्य ₹भत्तों और DA रीसेट की ज्यादा व्यवस्थित संरचना के साथ एक अच्छा महसूस कराने वाली बढ़ोतरी₹ हो सकता है। जब तक अंतिम रिपोर्ट जारी नहीं हो जाती, सभी आंकड़े अनुमान ही रहेंगे, लेकिन 1 जनवरी, 2026 निश्चित रूप से नजदीक है।

# हेरोइन-आइस सप्लाई चेन ध्वस्त: 7 आरोपी गिरफ्तार, 4 किलो हेरोइन, 1 किलो आइस और ग्लॉक पिस्टल बरामद



चंडीगढ़/अमृतसर, यूटर्न, 30 दिसंबर। पंजाब को नशा मुक्त बनाने के अभियान के तहत अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए पाकिस्तान से संचालित अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4.075 किलोग्राम हेरोइन, 1 किलोग्राम मेथामफेटामिन (आइस) और एक 9 एमएम ग्लॉक पिस्टल बरामद की है। यह जानकारी पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जजबीर सिंह उर्फ जज, जसपाल सिंह उर्फ जस्स, अनमोलप्रीत सिंह, हरपिंदर सिंह उर्फ भिंडा, तरुणप्रीत सिंह, दविंदर सिंह उर्फ बाउ और मनदीप सिंह के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नशीला पदार्थ पाकिस्तान से तस्करी कर सोशल मीडिया के जरिए निर्देशित स्थानीय मॉड्यूल्स के माध्यम से पूरे राज्य में सप्लाई किया जा रहा था। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पहले जजबीर सिंह को 225 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान सप्लाई चेन का खुलासा हुआ और अन्य आरोपियों से क्रमशः 1.6 किलो और 2.2 किलो हेरोइन बरामद की गई। इसी दौरान एक अन्य कार्रवाई में दविंदर उर्फ बाउ और मनदीप से 1 किलो आइस, ग्लॉक पिस्टल और मोटरसाइकिल बरामद हुई। पुलिस के अनुसार कुछ आरोपी पहले भी गंभीर मामलों में संलिप्त रहे हैं। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत दो एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस का कहना है कि जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां व बरामदगी संभव है।

# पंजाब विधानसभा में चार साहिबजादों की बलिदान को सलाम, भगवंत सिंह मान ने याद दिलाई मानवता की महान विरासत



चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। पंजाब विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई में सदन ने दसमेश पिता स्त्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चार साहिबजादों—बाबा अजीत सिंह जी, बाबा जुझार सिंह जी, बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी—की लासानी शहादत को श्रद्धा और सम्मान के साथ याद किया। इस अवसर पर सदन ने माता गुजरी जी, बाबा जीवन सिंह जी, बाबा संगत सिंह जी, दीवान टॉडर मल जी और अन्य महान शहीदों को भी याद कर उनके योगदान को सलाम किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार साहिबजादों की शहादत हमें सिखाती है कि अत्याचार के सामने कभी झुकना नहीं चाहिए और अपने असूलों के लिए मर मिटना ही सबसे बड़ा साहस है। उन्होंने कहा कि ये महान बलिदान आने वाली पीढ़ियों को अन्याय और उत्पीड़न के खिलाफ डटकर खड़े रहने की प्रेरणा देते हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य, आवागमन, सफाई और सुरक्षा के पूर्ण प्रबंध किए गए थे, जैसे कि ई-रिक्शा और बसों की व्यवस्था, ताकि शहादत समारोह के दौरान किसी को कोई असुविधा न हो। उन्होंने नवें पातशाह स्त्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को भी पूरी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाए जाने की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने यह जोड़ते हुए कहा कि साहिबजादों के ये बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि असूलों पर डटे रहने और मानव स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए आने वाली पीढ़ियों के लिए जीवंत प्रेरक संदेश हैं।

# व्हाइट वोक्सवैगन से आए बदमाश, 60 सेकेंड में शटर तोड़ ₹13 हजार उड़ाए




लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। औद्योगिक नगरी लुधियाना में चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हो चुके हैं कि अब चोरी भी वीआईपी अंदाज में होने लगी है। मंगलवार तड़के करीब 5 बजे ईस्टमैन चौक इलाके में तीन नकाबपोश बदमाशों ने व्हाइट रंग की वोक्सवैगन कार से उतरकर सुनियोजित तरीके से दुकानों को निशाना बनाया। पहले एक दुकान का शटर तोड़ने की कोशिश की, नाकाम रहे तो बगल की दुकान का शटर तोड़कर गल्ले से करीब 13 हजार रुपये नकद उड़ा ले गए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें बदमाशों की चाल, कपड़े और हर मूवमेंट साफ दिखाई दे रही है।




# लुधियाना मल्ही फार्म बना गोविंदमय, ऊधो महाराज की कथा में डूबे श्रद्धालु

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। श्री राधा गोविंद माधव मिलन सोसाइटी की ओर से आयोजित 19वें वार्षिक महोत्सव के अवसर पर मल्ही फार्म का कोना-कोना गोविंदमय नजर आया। श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन भक्ति, दर्शन और दिव्यता का अद्भुत संगम देखने को मिला। कथा व्यास श्री कृष्ण प्रिय ऊधो महाराज की ओजस्वी वाणी ने पंडाल में साक्षात गोकुल धाम का दृश्य साकार कर दिया। माखन चोरी की अलौकिक लीला का आध्यात्मिक विवेचन करते हुए उन्होंने कहा कि कन्हैया केवल माखन नहीं, बल्कि भक्त के अंतर्मन में बसने वाले निर्मल प्रेम और पूर्ण समर्पण को चुरा लेते हैं। जब भक्त का कठोर अहंकार पिघलकर मक्खन समान



कोमल हो जाता है, तभी परमात्मा उसे स्वीकार करते हैं।गुरु महिमा पर प्रकाश डालते हुए कथा व्यास ने कहा कि गुरु के वचनों का पालन शिष्य के लोक और परलोक दोनों को मंगलमय बना देता है।

कथा के उपरांत गोवर्धन पूजा का भव्य अनुष्ठान किया गया। गिरिराज महाराज की जय के जयकारों से पूरा परिसर गूंज उठा।भगवान को अर्पित छप्पन भोग की भव्य झांकी श्रद्धालुओं के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। श्रद्धालुओं ने गोवर्धन पर्वत की परिक्रमा कर विश्व शांति, सुख-समृद्धि की कामना की।इस अवसर पर आर.डी. शर्मा, समाज सेवक विकास गोयल विक्की सहित अनेक गणमान्य श्रद्धालु उपस्थित रहे। महोत्सव की सफलता में अम्बुजेश शर्मा, नरेंद्र सिंह मल्ही, एडवोकेट वरिंदर शर्मा बॉबी, एडवोकेट पारस शर्मा, विवेक शर्मा सहित सोसाइटी की पूरी टीम सेवा में समर्पित रही। कार्यक्रम के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

# विधायक मदन लाल बग्गा व डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने किया बसंत नगर का दौरा

## आग से हुए नुकसान का लिया जायजा, पीड़ित परिवार को डेढ़ लाख की आर्थिक सहायता

लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। लुधियाना के वार्ड नंबर 88 स्थित बसंत नगर इलाके में बीती रात लगी भीषण आग के बाद हालात का जायजा लेने के लिए विधानसभा क्षेत्र उत्तर से विधायक मदन लाल बग्गा तथा डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने प्रभावित क्षेत्र का विशेष दौरा किया। इस हादसे में 2झ्र3 इमारतें आग की चपेट में आ गई थीं।



विधायक बग्गा और डिप्टी कमिश्नर जैन ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि फायर ब्रिगेड की टीमों ने पूरी तत्परता के साथ आग पर काबू पाया, जिसके चलते किसी भी प्रकार की जान-माल की बड़ी क्षति होने से बचाव हो सका। जिला प्रशासन की टीमें पूरी रात मौके पर डटी रहीं और स्थिति को नियंत्रण में रखा। इस अवसर पर नगर निगम काउंसलर अमन बग्गा भी अपनी टीम के साथ राहत एवं बचाव कार्यों की अगुवाई करते रहे।

विधायक मदन लाल बग्गा ने बताया कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में एक परिवार का घर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है, जिसे फौरी राहत के रूप में डेढ़ लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। वहीं, डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने आश्वासन दिया कि प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को हर संभव सहयोग दिया जाएगा और पंजाब सरकार की ओर से बनती अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी जल्द मुहैया करवाई जाएगी। विधायक मदन लाल बग्गा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार हर संकट की घड़ी में जनता के साथ खड़ी है और आग की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना में हुए नुकसान की भरपाई के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# रूह से रूबरू






चारू नागपाल

## साल का आखिरी दिन भी आ गया।

साल का आखिरी दिन भी आ गया।
यादों में पूरे साल के तजुर्बो का
ताना बाना सा छा गया।
कुछ चेहरों के दाग उतरे, तो
कुछ चेहरे बेनकाब हो गए।
कुछ चेहरों की हकीकत आई सामने,
तो कुछ चेहरे दिल पर छा गए।
हर दिन एक नया अहसास सा दे गया।
और भी बेहतर जीने का पाठ भी दे गया।
हर सुबह उठकर जब खुद को जिंदा पाया।
परमात्मा को शुक्राना का अहसास दे गया।
फिर नया साल आएगा
फिर नया अहसास लाएगा।
फिर नया पाठ सिखाएगा।
और
यह सफर बस यूं ही कटता जाएगा।

# कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**New Year Eve: जश्न और ज़िम्मेदारी — कानून क्या उम्मीद करता है?**

31 दिसंबर की रात केवल पार्टी की नहीं, बल्कि सार्वजनिक व्यवस्था (public order) की भी परीक्षा होती है। कानून इस दिन लोगों से यह नहीं पूछता कि आप कितना जश्न मना रहे हैं, बल्कि यह देखता है कि क्या आपका व्यवहार दूसरों के लिए परेशानी बन रहा है या नहीं।

New Year Eve पर सबसे ज्यादा विवाद तेज संगीत से नहीं, बल्कि अनियंत्रित व्यवहार से पैदा होते हैं — सड़क पर हंगामा, नशे में झगड़े, रिहायशी इलाकों में अनुशासनहीनता और सार्वजनिक स्थानों का दुरुपयोग।

यह समझना जरूरी है कि त्योहार या जश्न कानून से ऊपर नहीं होते। कानून हर नागरिक से यह अपेक्षा करता है कि वह सार्वजनिक स्थान पर संयम और जिम्मेदारी के साथ व्यवहार करे। एक अहम बात यह भी है कि पुलिस या प्रशासन की मौजूदगी जश्न रोकने के लिए नहीं, बल्कि स्थिति संभालने के लिए होती है। उनका उद्देश्य टकराव नहीं, बल्कि शांति बनाए रखना होता है। आम नागरिकों के लिए भी संदेश साफ है — अगर New Year Eve पर अव्यवस्था, झगड़ा या असहज स्थिति बने, तो चुप रहना कोई कर्तव्य नहीं है।


कानून हर व्यक्ति को सुरक्षित और शांत वातावरण में रहने का अधिकार देता है। नए साल की शुरूआत अगर संयम और समझदारी से हो, तो वही जश्न असल मायनों में सार्थक होता है। क्योंकि खुशी वही अच्छी है जो किसी और की परेशानी न बने।

निष्कर्ष: New Year Eve केवल उत्सव की रात नहीं, बल्कि यह दिखाने का अवसर भी है कि हम जश्न मनाना जानते हैं — बिना कानून, व्यवस्था और दूसरों की गरिमा को ठेस पहुँचाए।

# आशा और उत्कृष्टता का उत्सवः आतम वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल का 13वां वार्षिक समारोह 'ESPERANZA 2025'

- श्री आतम वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल में 13वां वार्षिक समारोह एवं संस्थापक दिवस 'ESPERANZA 2025' भव्यता से संपन्न

लुधियाना, यूटर्न, 23 दिसंबर। श्री आतम वल्लभ जैन पब्लिक स्कूल, हुसैनपुरा, लुधियाना ने गुरुजी के दिव्य आशीर्वाद में अपना 13वां वार्षिक समारोह एवं संस्थापक दिवस "ESPERANZA 2025" अत्यंत उत्साह, गरिमा और भव्यता के साथ मनाया। यह सांस्कृतिक महोत्सव आशा, सृजनात्मकता और समग्र शिक्षा की जीवंत झलक प्रस्तुत करता नजर आया।





कार्यक्रम में अभिभावकों, शुभचिंतकों एवं गणमान्य अतिथियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि श्री राजेश जैन (बॉबी जी) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। विशिष्ट अतिथियों में श्रीमती नविता पुरी, पूर्व प्राचार्या, केवीएम लुधियाना; डॉ. परमजीत कौर, निदेशक, आर्य समाज स्कूल्स, लुधियाना; तथा कर्नल संजीव पुरी, निदेशक, पीईकेएस वर्ल्ड शामिल रहे।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन—विद्यालय संरक्षक श्री कोमल जैन जी (ड्यूक फैशन), श्री भूषण जैन जी (प्रबंधक), श्री अनिल जैन जी (निदेशक), श्री पुनीत जैन जी (संयुक्त निदेशक) एवं श्री हर्ष जैन जी (कैशियर)— की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रबंधन सदस्यों ने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग नृत्य, भावपूर्ण नाटिकाओं और मधुर संगीत प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों का आत्मविश्वास, अनुशासन तथा शिक्षकों के समर्पित प्रयास स्पष्ट रूप से झलकते रहे। कार्यक्रम का आयोजन सुव्यवस्थित एवं प्रशंसनीय रहा।

समारोह को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधन एवं प्रधानाचार्य ने शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में विद्यालय की निरंतर प्रगति और प्रतिबद्धता की सराहना की। समारोह गर्व और आशा के संदेश के साथ संपन्न हुआ। एरढएफ्अठेअ 2025 ने अपने नाम को सार्थक करते हुए आशा, उत्कृष्टता और आनंद का सुंदर प्रसार किया।

# चंडीगढ़ पुलिस की बड़ी उपलब्धि: अपराधों में गिरावट, नशा तस्करों व साइबर ठगों पर कड़ा प्रहार

## 2025 में त्वरित पुलिसिंग, तकनीक और सामुदायिक सहभागिता से कानून-व्यवस्था को मिली मजबूती

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। चंडीगढ़ पुलिस ने वर्ष 2025 में अपराध नियंत्रण, नशा विरोधी अभियान, साइबर अपराधों पर सख्त कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। पुलिस की सक्रिय, खुफिया-आधारित और तकनीक-संचालित रणनीति के चलते गंभीर अपराधों में कमी दर्ज की गई है, जबकि कई मामलों के निपटारे की दर में भी सुधार हुआ है।

डीजीपी सागर सागरप्रीत हूडा ने बताया की वर्ष 2024 की तुलना में 2025 में जघन्य अपराधों के मामलों में कमी आई है। हत्या, बलात्कार, अपहरण, डकैती और लूट जैसे अपराधों में कुल 1.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई, वहीं लगभग 88.6 प्रतिशत मामलों का सफलतापूर्वक खुलासा किया गया। इससे यह स्पष्ट होता है कि चंडीगढ़ पुलिस की जांच और रोकथाम की रणनीति प्रभावी रही है।



### स्नैचिंग और स्ट्रीट क्राइम पर लगाम

शहर में चेन स्नैचिंग और झपटमारी की घटनाओं में भी बड़ी कमी आई है। वर्ष 2024 में 131 मामलों की तुलना में 2025 में यह संख्या घटकर 100 रह गई, जो लगभग 24 प्रतिशत की कमी दशार्ती है। इसके पीछे नियमित नाकाबंदी, क्षेत्रीय गश्त और पुराने अपराधियों पर कड़ी निगरानी को प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### नशे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई

चंडीगढ़ पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ व्यापक अभियान चलाते हुए 2025 में एनडीपीएस एक्ट के तहत 149 मामले दर्ज किए और 235 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान भारी मात्रा में हेरोइन, कोकीन, चरस, गांजा और अन्य मादक पदार्थ बरामद किए गए। पुलिस ने चार बड़े नशा तस्करों को PIT-NDPS एक्ट के तहत हिरासत में भेजा, जबकि करीब 8.79 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति और ड्रग मनी जब्त की गई।

### साइबर अपराधियों पर शिकंजा

साइबर अपराधों के खिलाफ भी पुलिस ने सख्त रुख अपनाया। वर्ष 2025 में 150 साइबर फ्रॉड मामलों में 147 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने 11.21 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की राशि को फ्रीज करवाया। 'डिजिटल अरेस्ट' जैसे नए साइबर अपराधों में शामिल अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय गिरोहों का भी भंडाफोड़ किया गया।

### सामुदायिक पुलिसिंग और जागरूकता

नशा मुक्ति, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा और नए आपराधिक कानूनों को लेकर 1400 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनसे 60 हजार से अधिक नागरिक लाभान्वित हुए। वही डीजीपी ने यह भी कहा कि आने वाले समय में भी अपराध नियंत्रण, नागरिक सुरक्षा और भरोसेमंद पुलिसिंग को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि शहर को सुरक्षित और शांतिपूर्ण बनाए रखा जा सके।

### आतंक और गैंग मॉड्यूल पर बड़ी कार्रवाई

चंडीगढ़ पुलिस ने आतंकवादी और गैंगस्टर नेटवर्क के खिलाफ भी बड़ी सफलता हासिल की। हैप्पी पासिया आतंकी मॉड्यूल और बब्बर खालसा से जुड़े आरोपियों की गिरफ्तारी कर हथियार और विस्फोटक बरामद किए गए, जिससे संभावित आतंकी घटनाओं को समय रहते रोका गया।

### कानून-व्यवस्था और त्वरित रिस्पॉन्स में रिकॉर्ड

पुलिस ने वर्ष 2025 में औसतन 5.6 मिनट का आपातकालीन रिस्पॉन्स टाइम हासिल कर देश में पहला स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, पूरे वर्ष में 2500 से अधिक कानून-व्यवस्था से जुड़े आयोजनों को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

# पंजाब नंबरदार यूनियन गालिब 169 का वार्षिक समागम आज से

घनौर/यूटरन, 30 दिसंबर। पंजाब नंबरदार यूनियन गालिब 169 की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पाँचवीं बार विशेष धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह समागम सिख धर्म के दशम पिता श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के चारों साहिबजादों तथा माता गुजरी जी की लासानी शहादत को समर्पित होगा, साथ ही नववर्ष की खुशियों के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है।



- नववर्ष की खुशियों व चारों साहिबजादों एवं माता गुजरी जी की लासानी शहादत को समर्पित
- पूर्व प्रधान मनजीत सिंह कामी

यह पावन समागम गुरुद्वारा साहिब श्री भगत धन्ना जी, घनौर से अंबाला रोड स्थित गाँव लाछड़ु खुर्द में आयोजित होगा। नंबरदार यूनियन गालिब 169 के पूर्व प्रधान एवं पूर्व सरपंच मनजीत सिंह कामी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 दिसंबर 2025 से श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के श्री अखंड पाठ साहिब आरंभ होंगे। वहीं 1 जनवरी 2026 को प्रातः 10 बजे अखंड पाठ साहिब के भोग के उपरांत भव्य कीर्तन दरबार सजाया जाएगा। मनजीत सिंह कामी ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन समागम में पहुँचकर गुरु घर की खुशियाँ प्राप्त करें और रूहानी कीर्तन का आनंद लें। इस अवसर पर गुरु का अटूट लंगर भी संगत के लिए वितरित किया जाएगा, जिसमें दाल, सब्जी, प्रसादा एवं जलेबियाँ शामिल होंगी।

# बीबीए परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रणव गुप्ता ने बढ़ाया लुधियाना का मान



लुधियाना, यूटर्न, 30 दिसंबर। लुधियाना निवासी होनहार छात्र प्रणव गुप्ता ने पंजाब यूनिवर्सिटी, चंडीगढ़ से आयोजित बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) की परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। प्रणव, श्री हितेश गुप्ता एवं श्रीमती भावना गुप्ता के सुपुत्र हैं। वे शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और अपने शैक्षणिक जीवन में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आए हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय प्रणव ने अपने माता-पिता के निरंतर सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, नियमित पढ़ाई और बिजनेस की मूलभूत समझ मेरी सफलता की कुंजी रही। प्रणव के पिता श्री हितेश गुप्ता ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा परिवार प्रणव की मेहनत और लगन पर गर्व महसूस कर रहा है। वर्तमान में प्रणव आईआईएम नागपुर से एमबीए की पढ़ाई कर रहे हैं और भविष्य में कॉर्पोरेट सेक्टर में अपने प्रबंधन कौशल से योगदान देने की आकांक्षा रखते हैं। प्रणव की इस उपलब्धि पर शिक्षकों, रिश्तेदारों एवं शुभचिंतकों ने गुप्ता परिवार को हार्दिक बधाइयाँ दी हैं।

# अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट में होशियारपुर की शानदार जीत, नवांशहर को 138 रनों से हराकर लगातार तीसरा मुकाबला जीता



तरसेम दीवाना

होशियारपुर, यूटर्न, 30 दिसंबर। पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर-जिला अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट में होशियारपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नवांशहर को 138 रनों से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। यह जानकारी एचडीसीए के सचिव डॉ. रमन घई ने दी।

खराब मौसम के कारण 50 ओवर के स्थान पर 38-38 ओवरों का यह मुकाबला खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए होशियारपुर की टीम ने 38 ओवरों में 3 विकेट के नुकसान पर 216 रन बनाए। टीम की ओर से हरदित्तदीप सिंह ने लगातार दूसरा शानदार शतक लगाते हुए 107 रन बनाए, जबकि उपकप्तान युवराज ठाकुर ने 37, मनकरण ने 31, लक्ष्यदीप सिंह संधू ने 18 और कप्तान मनन नारायण ने नाबाद 15 रनों का योगदान दिया। नवांशहर की ओर से वनीत कुमार, आरव चौधरी और किवान कुमार ने एक-एक विकेट लिया।

217 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी नवांशहर की टीम 38 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 78 रन ही बना सकी। नवांशहर की ओर से किवान कुमार ने 20 और अर्शदीप ने 16 रन बनाए। होशियारपुर की ओर से आराध्य शर्मा ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट लिए, जबकि ईशान अत्तर ने 2 तथा कप्तान मनन नारायण, पार्थ और राजवीर ने 1-1 विकेट हासिल किया।

इस जीत के साथ होशियारपुर को 4 अंक प्राप्त हुए। डॉ. रमन घई ने इस सफलता का श्रेय जिला कोच दलजीत सिंह, जूनियर कोच दलजीत धीमान और जिला ट्रेनर कुलदीप धामी द्वारा पिछले छह महीनों से कराए गए कड़े अभ्यास को दिया। जीत पर एचडीसीए अध्यक्ष डॉ. दलजीत खेला, डॉ. पंकज शिव, संयुक्त सचिव विवेक साहनी सहित कोचिंग स्टाफ व पूर्व खिलाड़ियों ने टीम को बधाई दी। डॉ. घई ने बताया कि होशियारपुर का अगला मुकाबला 1 जनवरी 2026 को मोहाली में जिला मोहाली की टीम के साथ खेला जाएगा।



Kareena kapoor

# 2025 में पंचकूला पुलिस का सख्त एक्शन मॉडल: नशा तस्करी, महिला विरुद्ध अपराध से लेकर साइबर अपराध तक हर मोर्चे पर कड़ी कार्रवाई, अपराधो में गिरावट और बरामदगी में रिकॉर्ड बढ़ोतरी

## जिला मे महिलाएं सुरक्षित: महिला उत्पीड़न, छेड़छाड, रेप, पॉक्सो एक्ट, कैडनेपिंग के मामले घटे

**अजीत झा**

**पंचकूला, यूटर्न, 30 दिसंबर। पंचकूला पुलिस ने वर्ष 2025 के दौरान अपराध नियंत्रण, नशा तस्करी, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, यातायात व्यवस्था एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए व्यापक और प्रभावी कार्रवाई की है। डीसीपी पंचकूला सृष्टि गुप्ता व डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक मनप्रीत सिंह सूदन के नेतृत्व में पंचकूला पुलिस की सभी क्राइम ब्रांच व थाना-चौकी स्तर की टीमो ने सुनियोजित रणनीति, निरंतर निगरानी, आधुनिक पुलिसिंग एवं जनसहयोग के परिणामस्वरूप जिले में कई अपराधों में कमी दर्ज की गई है, जबकि बरामदगी, गिरफ्तारी और कार्रवाई के आंकड़ों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।**





● साइबर फ्रॉड के आंकड़ो में सुधार, इस साल मामले घटे, गिरफ्तारियां बढ़ी, 3 करोड के ज्यादा राशि शिकायतकर्ताओ को वापस दिलवाई, दो साल में 11 करोड से ज्यादा राशि करवाई होल्ड

### नशे से अर्जित अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर कार्रवाई

वर्ष 2025 में पंचकूला पुलिस ने नशे की कमाई से अर्जित 6 नशा तस्करों की संपत्तियों को बुलडोजर की मदद से ध्वस्त किया है, जबकि पिछले वर्ष 2 नशा तस्करों की संपत्तियां ध्वस्त की गई थीं। इसके अलावा पिछले वर्ष पुलिस ने 2 नशा तस्करों की संपत्तियां अटैच की थीं, वहीं इस वर्ष 4 नशा तस्करों की संपत्तियां अटैच की गई हैं।

### करोड़ों रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ नष्ट

इस वर्ष पंचकूला पुलिस ने बागवाला क्षेत्र स्थित हाईजीन फैक्ट्री में करोड़ों रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ नष्ट किए। यह सभी सामग्री 123 मामलों में बरामद की गई थी, जिनमें 68 किलो गांजा, 108 किलो चूरा पोस्त, 9 किलो अफीम के पौधे, 3 किलो अफीम, 2.8 किलो चरस, 654 ग्राम हेरोइन, 0.69 ग्राम कोकीन तथा 54,882 नशीली गोलियां शामिल थीं। इस कार्रवाई से जिले में नशा तस्करी के नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है।

### महिला विरुद्ध अपराधों में गिरावट

महिला सुरक्षा के क्षेत्र में पंचकूला पुलिस को उल्लेखनीय सफलता मिली है। छेड़छाड़ और शारीरिक उत्पीड़न के मामलों में इस वर्ष करीब 20 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले वर्ष ऐसे 30 मामले दर्ज हुए थे, जबकि इस वर्ष 24 मामले सामने आए हैं। रेप के मामलों में भी लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 27 मामले दर्ज हुए थे, जबकि इस वर्ष केवल 14 मामले सामने आए हैं। पुलिस द्वारा हॉटस्पॉट चिन्हित कर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। अधिकांश मामलों में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है तथा कुछ मामलों में जांच जारी है।

### नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई

पंचकूला पुलिस ने इस वर्ष नशा तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। वर्ष 2025 में पुलिस ने 124 मामले दर्ज कर 255 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है, जबकि पिछले वर्ष 118 मामले दर्ज कर 208 तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। आंकड़ों के अनुसार इस वर्ष पुलिस ने लगभग 246 किलो चूरापोस्त, 13 किलो से अधिक अफीम, 1 किलो 930 ग्राम हेरोइन, 17 किलो से अधिक चरस तथा 20,410 नशीली गोलियां बरामद की हैं। वहीं पिछले वर्ष पुलिस ने 33 किलो चूरापोस्त, 4.5 किलो अफीम, 996 ग्राम हेरोइन और 4 किलो से अधिक चरस बरामद की थी।

### 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव-मेरी शान' अभियान

पंचकूला पुलिस की 'नशा और हिंसा मुक्त मेरा गांव-मेरी शान' अभियान टीम ने 2 दिसंबर से अब तक जिले के 551 गांवों और कॉलोनियों का दौरा कर 27,235 लोगों से सीधा संवाद किया। इस दौरान पुलिस ने 2,955 नशा तस्करों की पहचान की तथा चिकित्सीय टीम की सहायता से 2,736 नशा पीड़ितों का उपचार शुरू करवाया। साथ ही 132 नशा पीड़ितों को पुनर्वास केंद्रों में भर्ती कर उनका उपचार भी प्रारंभ करवाया गया।

### ट्रैफिक पुलिस की सख्ती, सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता

यातायात नियमों के उल्लंघन पर सख्ती बरतते हुए पंचकूला ट्रैफिक पुलिस ने इस वर्ष 1,40,389 चालान काटे हैं, जबकि पिछले वर्ष 92,165 चालान काटे गए थे। रॉन्ग साइड में पिछले वर्ष 6,668 की तुलना में इस वर्ष 8,378, अवैध पार्किंग में 3,428 के मुकाबले 3,813, बाइक पर ट्रिपलिंग में 2,094 के मुकाबले 3,058, बिना मानकों की स्कूल बसों में 142 के मुकाबले 237, शराब पीकर वाहन चलाने पर 3,765 चालान तथा बिना लाइसेंस 1,721 चालान किए गए हैं।

पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज का मानना है कि वर्ष 2025 में पंचकूला पुलिस ने अपराध नियंत्रण, नशा उन्मूलन, महिला सुरक्षा और जनसुरक्षा के क्षेत्र में प्रभावी, पारदर्शी और परिणामदायी कार्य किया है। पंचकूला पुलिस भविष्य में भी इसी प्रतिबद्धता के साथ आमजन को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने और कानून-व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगी।

### साइबर फ्रॉड मामलों में कमी, रिकवरी व गिरफ्तारी बढ़ी

साइबर अपराध के मामलों में इस वर्ष गिरावट दर्ज की गई है। पिछले वर्ष 169 मामलों की तुलना में इस वर्ष 156 मामले दर्ज हुए हैं। जहां पिछले वर्ष 91 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था, वहीं इस वर्ष 173 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया गया है। दोनों वर्षों में पुलिस ने 11 करोड़ रुपये से अधिक की राशि होल्ड की है। पिछले वर्ष 1,35,89,866 रुपये शिकायतकताओं को वापस कराए गए थे, जबकि इस वर्ष यह राशि बढ़कर 3,21,24,923 रुपये हो गई है।

### सट्टेबाजी के मामलों में कमी, बरामदगी बढ़ी

अवैध जुए के अड्डों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के चलते इस वर्ष जिले में 68 मामले दर्ज किए गए, जबकि पिछले वर्ष 157 मामले सामने आए थे। हालांकि इस वर्ष पुलिस ने जुए के अड्डों पर छापेमारी कर 11,43,215 रुपये की नकदी बरामद की है, जबकि पिछले वर्ष यह राशि 6,18,320 रुपये थी।

**124** मामले दर्ज कर 255 नशा तस्कर पकडे, करोडो का नशा बरामद, 6 नशा तस्करो की संपत्ति पर चला बुलड़ोजर, 4 तस्करो की प्रॉपर्टी अटैच, 2736 नशा पीड़ितो का उपचार करवाया, 123 मामलो में जब्त करोड़ो का नशा नष्ट किया

□ जिला में अवैध शराब तस्करी व जुएं के मामले घटे, रिकवरी बढ़ी; इस साल 54 मामले दर्ज कर 77 हथियार तस्कर गिरफ्तार किए, 128 हथियार बरामद

### ईआरवी रिस्पांस टाइम में सुधार

आपातकालीन सेवाओं को और मजबूत करते हुए पंचकूला पुलिस की ईआरवी टीम का रिस्पांस टाइम घटकर औसतन 8 मिनट 5 सेकेंड रह गया है, जबकि पहले यह समय 10 मिनट 35
सेकेंड था।

### साइबर सेल द्वारा गुमशुदा मोबाइल बरामद

पंचकूला पुलिस की साइबर सेल टीम ने इस वर्ष 150 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके धारकों को लौटाए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब साढ़े 22 लाख रुपये है।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वालों पर सख्ती

पंचकूला पुलिस की एंटी इमिग्रेशन फ्रॉड यूनिट, जो नवंबर 2024 में गठित की गई थी, ने अब तक विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने वाले फर्जी एजेंटों के खिलाफ 56 मामले दर्ज कर 56 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने 1,75,04,393 रुपये की बरामदगी व 850 ग्राम सोना बरामद किया है। कई मामलों में जांच जारी है।

### शराब तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

शराब तस्करी के मामलों में भी इस वर्ष कमी आई है। पिछले वर्ष पुलिस ने 141 मामले दर्ज कर 218 तस्करों को गिरफ्तार किया था, जबकि इस वर्ष 64 मामले दर्ज कर 70 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अवैध शराब की बरामदगी में वृद्धि दर्ज की गई है। जहां पिछले वर्ष 7,936 बोतल अवैध शराब बरामद हुई थी, वहीं इस वर्ष 9,166 बोतल अवैध शराब बरामद की गई है।

### अवैध हथियार तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई

अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ पंचकूला पुलिस ने इस वर्ष 54 मामले दर्ज कर 77 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनसे 128 अवैध हथियार, जिनमें पिस्टल, रिवाल्वर, देशी कट्टा, चाकू और जिंदा कारतूस शामिल हैं, बरामद किए गए हैं। वहीं वर्ष 2024 में 24 मामलों में 35 आरोपियों को गिरफ्तार कर 97 हथियार बरामद किए गए थे।


### भगोड़ों के खिलाफ सघन अभियान

पंचकूला पुलिस की पीओ स्टाफ टीम ने इस वर्ष 291 भगोड़ों को गिरफ्तार किया है, जो चेक बाउंस, चोरी और नशा तस्करी के मामलों में वांछित थे। पिछले वर्ष पुलिस ने 209 भगोड़ों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया था।

# न्यू ईयर नाइट पर चंडीगढ़ अलर्ट मोड में, हुड़दंग पर सख्त कार्रवाई तय

**अजीत झा**

**चंडीगढ़, यूटर्न, 30 दिसंबर। नए साल की रात शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने शहर को हाई अलर्ट पर रखा है। एसएसपी कंवरदीप कौर ने स्पष्ट किया कि जश्न के नाम पर हुड़दंग, ट्रैफिक नियमों की अनदेखी या सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।पुलिस की ओर से 31 दिसंबर की रात शहरभर में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था लागू की जा रही है। इस दौरान 62 स्थानों पर नाकाबंदी की जाएगी, जिनमें 18 नाके शहर की बाहरी सड़कों पर और 44 नाके आंतरिक मार्गो पर लगाए जाएंगे। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से 16 संयुक्त ट्रैफिक जाइंट नाके भी सक्रिय रहेंगे।**



### एक हजार से अधिक जवान, वरिष्ठ अधिकारी भी मैदान में

न्यू ईयर सेलिब्रेशन के मद्देनजर 12 गजटेड अधिकारी, 20 इंस्पेक्टर और 16 एसएचओ फील्ड में रहेंगे। ट्रैफिक और पीसीआर स्टाफ के अलावा करीब एक हजार पुलिसकर्मी कानून-व्यवस्था संभालेंगे। सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए ड्यूटी रिपोर्टिंग समय शाम 6 :30 बजे तय किया गया है।



**महिला सुरक्षा पर खास फोकस...**महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 20 सदस्यीय विशेष लेडी स्क्वाड को वाहनों के साथ तैनात किया गया है। इसके अलावा महिलाओं की सुविधा के लिए शहर के सात प्रमुख स्थानों पर पीसीआर वाहनों को पिक-एंड-ड्रॉप के लिए लगाया जाएगा

*संवेदनशील इलाकों पर कड़ी नजर...पुलिस ने 10 क्षेत्रों को प्रतिबंधित वाहन जोन घोषित किया है, जिनमें गेड़ी रूट, प्लाजा क्षेत्र, सेक्टर-22 की इनर मार्केट और एलांते मॉल प्रमुख हैं। प्लाजा, एलांते मॉल, अरोमा होटल, सेक्टर-7 और सेक्टर-26 के पब-बार क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर विशेष निगरानी रखी जाएगी।*

### रात में निगरानी और आपात सेवाएं भी तैयार

रात के समय निगरानी के लिए छह स्थानों पर अस्का लाइट्स लगाई जाएंगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए फायर विभाग को अलर्ट पर रखा गया है। शहर में पांच स्थानों पर फायर टेंडर, तीन हाइड्रोलिक लैडर और छह जगह एंबुलेंस की तैनाती की गई है। केंद्रीय रिजर्व बल को सेक्टर-9 स्थित पुलिस मुख्यालय में रिजर्व में रखा गया है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे कानून का पालन करें, शराब पीकर वाहन न चलाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि नए साल का स्वागत सुरक्षित और सौहार्दपूर्ण माहौल में किया जा सके।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372